रविवासरीय
हिन्दुस्तान
गर्दोस गए हिन्दुस्तान का

PAGE NO : 04 BOTTOM

एसआरएमएस में डॉक्टरों का विरोध जारी

बरेली। कोलकाता में जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या मामले में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में 13 अगस्त से चल रहा विरोध शनिवार को भी जारी रहा। शनिवार को मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने मीटिंग कर कोलकाता की घटना पर रोष जताते हुए विरोध की रणनीति बनाई। वही मेडिकल कॉलेज के इंटर्न, जूनियर रेजीडेंट, रेजीडेंट, फैकल्टी के साथ एमबीबीएस व पीजी के विद्यार्थियों ने भी प्रदर्शन किया। कोलकाता की घटना में संलिप्त दोषियों की गिरफ्तारी, पीड़िता के परिवार को उचित मुआवजा देने के साथ सभी डॉक्टरों को समुचित सुरक्षा देने की मांग की गई।